पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

प्रेस विज्ञप्ति

19 अक्तूबर, 2022

पीएफसी और आरईसी द्वारा एसटीपीएल की **2x660** मेगावाट बक्सर थर्मल पावर परियोजना के लिए 8520 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने आरईसी लिमिटेड (आरईसी) के साथ एसजेवीएन थर्मल (पी) लिमिटेड (एसटीपीएल) के साथ 18 अक्तूबर 2022 को नई दिल्ली में 8520.92 करोड़ रुपए की 2x660 मेगावाट बक्सर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के सावधि ऋण के विस्तार के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) निष्पादित किया। ।

एसटीपीएल एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है और परियोजना को क्रियान्वित कर रही है। 2x660 मेगावाट थर्मल परियोजना के वित्त वर्ष 2026-27 तक चालू होने की उम्मीद है और बिहार और अन्य राज्यों की भविष्य की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लगभग 9828 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पन्न होगी।

श्री रविंदर सिंह ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी, श्री एन. एल. शर्मा, सीएमडी, एसजेवीएन, श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफसी, श्री ए.के.सिंह, निदेशक (वित्त), एसजेवीएन, श्रीमती गीता कपूर, निदेशक (कार्मिक), श्री अजय चौधरी निदेशक (वित्त), आरईसी की उपस्थिति में एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री मनोज कुमार सीईओ, एसटीपीएल, और श्री मनोज कुमार सीएफओ, एसटीपीएल, श्री नितिन कुमार जीएम एंड एचओयू (सीएसपी), पीएफसी, और पीएफसी, आरईसी और एसजेवीएन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

पंजीकृत कार्यालय : ''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● CIN : L65910DL1986GOI024862

इस अवसर पर बोलते हुए, सीएमडी पीएफसी, श्री रविंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देगी और बिहार में सामाजिक आर्थिक समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी। ये बिजली परियोजनाएं पीएसयू की साझेदारी से संचालित हैं जो बिजली मंत्रालय के बड़े दायरे में आती हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि इस आगामी थर्मल परियोजना के वित्त पोषण से पीएफसी और एसजेवीएन के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)